दिन– बुधवार दिनांक– 04 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन के तहत प्रदेश के चार शहरों सीवान, सासाराम, औरंगाबाद और आरा में पेयजल तथा सीवरेज संरचनाओं का होगा विकास।
02. आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत विदेश दौरे पर गये जदयू सांसद संजय झा के नेतृत्व वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल समेत तीन प्रतिनिधिमंडल स्वदेश लौटे।
03. नालंदा, गया और नवादा समेत दक्षिण बिहार के कई जिलों में अब गंगा नदी के अधिशेष जल से सिंचाई भी की जाएगी।
04. और, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू आई.पी.एल. क्रिकेट प्रतियोगिता का नया चैंपियन बना। फाईनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराया।

———————————————————————

अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन के तहत प्रदेश के चार शहर सीवान, सासाराम, औरंगाबाद और आरा में पेयजल और सीवरेज योजनाओं पर एक हजार छह सौ पचास करोड़ रूपये खर्च होंगे। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि सीवान में एक सौ अट्ठाईस किलोमीटर सीवरेज नेटवर्क के लिए तीन सौ सड़सठ करोड़ रूपये जारी किये गये हैं।

———बाईट———

———————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ भारत के सिद्धांत और कड़े रूख का संदेश लेकर विदेश गये सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से तीन अपनी सफल यात्रा पूरी कर स्वदेश लौट आए हैं। यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडलों ने अपने अंतरराष्ट्रीय संपर्क के अंतर्गत विदेशी नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों, प्रभावशाली विचारकों, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से बातचीत की। जनता दल यूनाईटेड सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने कुआलालंपुर में दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। श्री झा ने कहा कि हमने हर जगह पाकिस्तान पर वित्तीय कार्रवाई कार्यबल, एफएटीएफ द्वारा कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

———बाईट———

इधर, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले दल ने लंदन के यूके हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर राईट ऑनरेबल सर लिंडसे हॉयल से मुलाकात की। इस दौरान स्पीकर ने स्वीकार किया कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए खतरा है। वहीं, श्री प्रसाद ने पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह दृष्टिकोण लोकतांत्रिक समाज की नींव को नष्ट करता है।

———बाईट———

————————————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए, पूरा राष्ट्र अपने सैनिकों की वीरता को सलाम करता है। सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि स्वरूप आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी कडी में आज हम परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह को याद कर रहे हैं, जिन्होंने उन्नीस सौ सैंतालीस–अड़तालीस के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था।

———वॉयसकास्ट———

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी एक सौ पैंसठ करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। भवन निर्माण विभाग के अनुसार मुख्यमंत्री बाढ़ में नवनिर्मित राजकीय पोलिटेकनिक भवन और सौ बेड की क्षमता वाले अनुमंडलीय अस्पताल का उद्‌घाटन करेंगे। श्री कुमार अथमलगोला में निर्मित प्रखंड सह अचंल कार्यालय और आवासीय परिसर तथा राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय उच्च विद्यालय भवन का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

————————————————————————————

दक्षिण बिहार के कई जिलों में अब गंगा नदी के अधिशेष जल से सिंचाई की जाएगी। जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बताया कि अभी गंगा जल से नालंदा, गया और नवादा जिलों में रहने वाले लोगों को पेयजल की आपूर्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि अब इन इलाकों में इस जल का उपयोग खेतों में सिंचाई के लिए भी किया जाएगा। प्रधान सचिव ने कहा कि मानसून के समय गंगा में आने वाले अधिशेष जल को पाइपलाइन के माध्यम से बांका जिले के बेलहर स्थित बदुआ जलाशय तक पहुँचाने की योजना बन रही है। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद,

डेहरी तथा सासाराम में सोन नदी के सतही जल का उपयोग करते हुए शीघ्र ही पेयजल योजनाएं शुरू की जाएंगी। वहीं, दुर्गावती जलाशय से भभुआ और मोहनिया शहरों को भी जल आपूर्ति की जाएगी।

———————————————————

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू ने अठारह साल के इंतजार के बाद पहली बार आई.पी. एल. क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गये फाईनल मुकाबले में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को छह रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने निर्धारित बीस ओवर में नौ विकेट पर एक सौ नब्बे रन बनाए। जवाब में पंजाब किंग्स की टीम निर्धारित बीस ओवरों में एक सौ चौरासी रन ही बना सकी। विजेता टीम आरसीबी को बीस करोड़ रूपये जबकि उपविजेता पंजाब किंग्स को साढ़े बारह करोड़ रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गयी।

———————————————————

पांच दिवसीय वार्षिक हज रस्मां की विधिवत शुरूआत आज से सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का में हुई है। भारत सहित दुनिया भर से लाखों लोग पहले दिन मक्का के मीना में एकत्रित हो रहे हैं। ये लोग आज रात मीना में बिताएंगे और कल सुबह हज की मुख्य रस्म अदा करने के लिए अराफात के मैदान जाएंगे। हज यात्री वहां विशेष प्रार्थना करेंगे और शाम में मुजदलेफा की ओर प्रस्थान करेंगे। ये यात्री कल मुजदलेफा में खुले आसमान के नीचे रात बिताकर अगली सुबह दोबारा मीना लौट जायेंगे।

———————————————————

मौसम विभाग ने आज पटना, मुफ्फरपुर, कैमूर, रोहतास औरंगाबाद, गया, सीतामढ़ी और शिवहर सहित कई क्षेत्रों में बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। सुबह से ही पटना और आस–पास के क्षेत्रों में बादल छाये हुये हैं। विभाग ने कहा है कि आज राज्य के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर अच्छी बारिश हो सकती है। कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले में झोंके के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। हवा की गति पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे तक रह सकती है।

———बाइट———

———————————————————

ग्रैमी अवॉर्ड विजेता और पद्मभूषण से सम्मानित पंडित विश्वमोहन भट्ट आज पटना के भारतीय नृत्य कला मंदिर में मोहन वीणा की प्रस्तुति देंगे। वहीं, पंडित सलिल भट्ट सात्विक वीणा और अभिषेक मिश्रा तबला पर साथ संगत करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन कला, संस्कृति और युवा विभाग की ओर से किया जा रहा है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि योग दिवस–दो हजार पच्चीस के प्रति लोगों में उत्साह देखकर उन्हें खुशी हो रही है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि योग को लोकप्रिय बनाने के लिए आंध्र प्रदेश के लोगों द्वारा किया गया योगांध्र–दो हजार पच्चीस, एक सराहनीय प्रयास है। प्रधानमंत्री ने लोगों से योग दिवस मनाने और योग को अपने जीवन का नियमित हिस्सा बनाने का आह्वान किया। श्री मोदी ने कहा कि वह इस महीने की इक्कीस तारीख को आंध्र प्रदेश में योग दिवस मनाने के लिए उत्सुक हैं।

———————————————————————

पटना सिटी के कंगन घाट पर कल से गंगा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बारह दिवसीय यह आयोजन सोलह जून तक चलेगा। कार्यक्रम के संयोजक शिशिर कुमार ने बताया कि इसका उद्देश्य गंगा की सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कम्बोडिया और श्रीलंका समेत कई देशों के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

———————————————————————

पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में ग्यारह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में हुई इस कार्यशाला में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र और प्रदेश संगठन महामंत्री भिखुभाई दलसानिया समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कार्यशाला में नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा हुई और इसे आम लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने एक यू–ट्यूब पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मार्च दो हजार छब्बीस तक पांच सौ रुपये के नोटों का प्रचलन बंद करने वाले दावे के वीडियो को खारिज कर दिया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जाँच इकाई ने स्पष्ट किया कि रिजर्व बैंक ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। कार्यालय ने कहा कि पांच सौ रुपये के नोट बंद नहीं किए गए हैं और वे वैध मुद्रा बने रहेंगे। सरकार ने लोगों को सलाह दी है कि वे ऐसी गलत सूचनाओं पर विश्वास न करें।

———————————————————————

और अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

सुपौल जिले की एक अदालत ने नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म के मामले में दोषी मोहम्मद अमजद को बाईस वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर पचास हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर के तुर्की में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपित को भगाने और प्राथमिकी दर्ज कराने में आनाकानी करने के आरोप में स्थानीय थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार को निलंबित कर दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि मामले में दारोगा मंजर आलम और मोहम्मद फरीदी को भी निलंबित किया गया है।

———————————————————————————

निगरानी अन्वेषण की टीम ने पटना जिले के बिक्रम अंचल कार्यालय परिसर में राजस्वकर्मी सोनू कुमार को बीस हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जमीन पर दखल दिलाने के नाम पर घूस ले रहा था।

———————————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज में आईपीएल में सट्टा लगाने के मामले में पुलिस ने सत्रह लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने आईपीएल से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पंजाब को पस्त कर बैंगलुरू पहली बार आईपीएल का बादशाह बना।

दैनिक भास्कर ने राज्य कैबिनेट की मंजूरी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– चार हजार आठ तिरेसठ पदों के लिए सात विभागों में बहाली होगी।

दैनिक जागरण की विशेष खबर है– महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने के लिए नियुक्त होंगे तीन सौ नब्बे अफसर।

प्रभात खबर लिखता है– मुजफ्फरपुर के दुष्कर्म पीड़ित के मौत मामले में कार्रवाई। एसकेएमसीएच की अधीक्षक हुई सस्पेंड, पीएमसीएच के प्रभारी उपाधीक्षक हटोय गये।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन के तहत प्रदेश के चार शहरों सीवान, सासाराम, औरंगाबाद और आरा में पेयजल तथा सीवरेज संरचनाओं का होगा विकास।

02. आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत विदेश दौरे पर गये जदयू सांसद संजय झा के नेतृत्व वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल समेत तीन प्रतिनिधिमंडल स्वदेश लौटे।

03. नालंदा, गया और नवादा समेत दक्षिण बिहार के कई जिलों में अब गंगा नदी के अधिशेष जल से सिंचाई भी की जाएगी।

04. और, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू आई.पी.एल. क्रिकेट प्रतियोगिता का नया चैंपियन बना। फाईनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।